प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

16.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

## कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि राष्ट्रमण्डल अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए उनका विदेश दौरा बेहतरीन और सफल रहा है। पठानिया ने आज शिमला पहुंचने पर कहा कि इस दौरे से जहां उन्हें अंतर्राष्ट्रीय मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला वहीं उन्होंने सम्मेलन के दौरान तय विषयों पर अपने विचारों की अभिव्यक्ति भी की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि ये दौरा शिक्षाप्रद प्रबुद्ध और ज्ञानवर्धक था जिसका लाभ हमें आगामी समय में मिलेगा। उन्होंने कहा कि वे इस अनुभव का इस्तेमाल प्रदेश हित में करेंगे।

## अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि स्कूल शिक्षा ही बच्चों का भविष्य बनाने की नींव है क्योंकि घर के बाद स्कूल में ही बच्चों को संस्कार मिलते हैं। अनिरूद्ध सिंह आज शिमला के मशोबरा में एक निजी स्कूल के वार्षिक समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अभिभावक और शिक्षक मिलकर बच्चों की बेहतरी के लिए कार्य करें। अनिरूद्ध सिंह ने ये भी कहा कि शिक्षकों की डांट से बच्चों को फायदा ही होता है। इससे पूर्व उन्होंने ढली में पंचायत के लिए नए भवन की घोषणा की। उन्होंने ये भी कहा कि आज पूरे कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में एक समान विकास कार्य हो रहे हैं।

## केवल सिंह पठानिया

उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा है कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के रैत में राजीव गांधी मॉडल डे–बोर्डिंग स्कूल खोला जाएगा। पठानिया ने आज शिमला में कहा कि इस स्कूल के निर्माण पर लगभग 5 करोड़ रूपए की धनराशि खर्च होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य इन स्कूलों के माध्यम से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने रैत में ये स्कूल स्वीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का आभार जताया।

## जीएसटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव का समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। ये उत्सव पिछले महीने की 22 तारीख से शुरू हुआ है। प्रदेश के विभिन्न वर्गों के लोगों ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों को फायदेमंद बताया है।

मण्डी जिला की निवासी ज्योति शर्मा का कहना है कि जीएसटी सुधारों के बाद उन्हें बीमा करवाने में काफी फायदा हुआ है।

मण्डी शहर के साथ लगते छिपनु गांव के किसान देवराज ने बताया कि उन्हें जीएसटी सुधार के बाद खाद और कीटनाशक काफी सस्ते दामों पर मिल रहे हैं।

सड़क

सड़क पर जारी कटिंग कार्यों के चलते शोघी–मैहली सड़क शिलगांव से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बड़ागांव तक 21 अक्तूबर से 20 नवम्बर तक सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और दोपहर बाद 3 बजे से 4 बजे तक वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहेगी। इस संबंध में आज शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि इस अवधि में केवल आपातकालीन वाहनों को आने–जाने की अनुमति होगी।

विश्व हिंदू परिषद

विश्व हिंदू परिषद ने प्रदेश में मंदिरों के सरकारी अधिग्रहण को निरस्त कर इन्हें समाज के अधीन करने की मांग की है। परिषद के प्रांत अध्यक्ष केशव वर्मा ने आज चम्बा में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि परिषद इस मांग को पूरा करवाने के लिए जल्द ही प्रदेश स्तर पर विशेष अभियान शुरू करेगी और जरूरत पड़ने पर आंदोलन का रास्ता भी अपनाएगी। उन्होंने मंदिरों की आय को लेकर हाल ही में आए प्रदेश उच्च न्यायालय के फैसले का भी स्वागत किया। केशव वर्मा ने कहा कि मंदिरों की आय व चढ़ावे का दुरूपयोग नहीं होना चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि चढ़ावे और आय का उपयोग सिर्फ मंदिर निर्माण या रखरखाव में ही किया जाना चाहिए।

पटाखे

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने शिमला शहर में पटाखों की बिक्री के लिए स्थान चिन्हित कर दिए हैं। उपायुक्त ने कहा कि चिन्हित स्थानों को छोड़कर अन्य स्थानों पर पटाखों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी घटना से बचने के लिए पटाखे बेचने के लिए निर्धारित स्थानों पर खड़े सभी वाहनों को हटा दिया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि चिन्हित स्थानों पर नगर निगम शिमला और लोक निर्माण विभाग स्टॉल स्थापित करेंगे। ये आदेश आज से 21 अक्तूबर तक लागू रहेंगे।

सेना भर्ती

भारतीय सेना द्वारा 17 से 24 नवम्बर तक शिमला जिला के रामपुर के प्रिथी मिल्ट्री स्टेशन अवेरीपट्टी में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। सेना भर्ती कार्यालय शिमला के अनुसार ये अग्निवीर भर्ती रैली शिमला, सोलन, सिरमौर और किन्नौर जिला के युवाओं के लिए होगी। इस बीच शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने रैली के सुचारू संचालन के लिए एस.डी.एम. रामपुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने एस.डी.एम. रामपुर को एक सप्ताह के भीतर रैली स्थल का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं ताकि समय रहते सारी तैयारियां पूर्ण की जा सकें।